Name		Roll Number	

INDIAN SCHOOL MUSCAT
MIDDLE SECTION
ANNUAL EXAMINATION 2019-20

HINDI (SECOND LANGUAGE)

Code:MXHN203

CLASS: VI — Time Allotted: 2 ½ Hrs.

03.3.2020 — SET-A — Max .Marks: 80

निर्देश :

* इस प्रश्न पत्र में तीन खण्ड हैं। खंड (क) खंड (ख) और खंड (ग)।
* इस प्रश्न पत्र में कुल 19 प्रश्न हैं।
* प्रश्न पत्र में कोई उत्तर न लिखें।
* हर प्रश्न को ध्यान से पढ़कर उसके सही उत्तर दें।

खण्ड (क) पदय व गदय

प्रश्न 1 **निम्नलिखित पंक्तियों को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।** 1×4=4

(क) तू टोकरी उठाकर तो ला, मैं उसका सूराख बंद करने की कोई हिकमत निकालूँगा ।

1 उपरोक्त वाक्य किस पाठ से लिया गया है ?
2 इस वाक्य को किसने किससे कहा?
3 इस वाक्य में ‘हिकमत’ शब्द का अर्थ लिखिए ?
4 मैं,उस - शब्दो के बहुवचन शब्द लिखिए ।

(ख) एक से एक मिले तो राई, बन सकती है परबत
एक से एक मिले तो इंसाँ, बस में करले किस्मत । 1×4=4

1 उपरोक्त पंक्तियाँ किस कविता से ली गई हैं?
2 इन पंक्तियों को किसने कहा?
3 परबत - शब्द का अर्थ लिखिए ?
4 इन पंक्तियों के कवि का क्या नाम है ?

प्रश्न 2 **सही या गलत लिखिए ।** **4×½=2**

(क) बाबूजी दफ़्तर गए हुए थे।
(ख) सारी पुस्तकें अक्षरों से बनी हुई हैं।
(ग) कभी-कभी मैं अपने भाई की परीक्षा लेती हूँ।
(घ) दस साल पहले आदमी ने गाँवों को बसाना शुरू किया।

प्रश्न 3 **नीचे लिखे शब्दों का प्रयोग करते हुए अर्थपूर्ण वाक्य बनाइए।** **3**

(क) ज़रूरी (ख) करोड़ (ग) मेहनत

प्रश्न 4 **दिए गए शब्दों के अर्थ हिन्दी में लिखिए।** **1×5=5**

(क) दरिया (ख) फ़ौलादी (ग) गरबीली (घ) विजन (ङ) नेक

प्रश्न 5 **दिए गए प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए।**

(क) लेखिका अपने मित्रों की परीक्षा क्यों लेती थी ? **1×5=5**
(ख) मानव सर्वप्रथम कौन-से औज़ारों का प्रयोग करता था ?
(ग) कवि ने चिड़िया को संतोषी क्यों कहा है ?
(घ) प्रागैतिहासिक काल किसे कहते हैं ?
(ङ) जब सभी मिलकर काम करते है तो क्या होता है ?

प्रश्न 6 **किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दो-दो वाक्यों में लिखिए।** **2×4=8**

(क) 'प्रकृति का जादू' किसे कहा गया है ?
(ख) नादान दोस्त' शीर्षक कहानी से क्या संदेश मिलता है ?
(ग) मेहनती व्यक्ति किन गुणों के कारण अपने लक्ष्य तक पहुँचता है ?
(घ) 'सागर ने रास्ता छोड़ा, परवत ने सीस झुकाया' पंक्ति द्वारा कवि क्या कहना चाहता है ?
(ङ) 'वह चिड़िया जो' शीर्षक कविता में चिड़िया को किन-किन चीज़ों से प्यार है ?

प्रश्न 7 **किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखिए।** **3×3=9**

(क) केशव और श्यामा ने चिड़िया के अंडों की रक्षा की या नादानी ?
(ख) इतिहास किसे कहते हैं और वह कब से आरंभ हुआ ?
(ग) हेलेन केलर के व्यक्तित्व की विशेषताएँ 'जो देखकर भी नहीं देखते' पाठ के आधार पर लिखिए।
(घ) 'वह चिड़िया जो' शीर्षक कविता के आधार पर चिड़िया की विशेषताएँ लिखिए ।

खण्ड (ख) व्याकरण

प्रश्न 8 **दिए गए शब्दों के वचन बदलकर लिखिए।** **4×½=2**

(क) पुस्तक (ख) सड़क (ग) कुरता (घ) रस्सी

प्रश्न 9 **दिए गए वाक्यों में क्रिया भेद पहचानकर लिखिए।** **2×1= 2**

(क) श्यामा भाग रही है ।

(ख) मीना कपड़े सुखाती है।

प्रश्न 10 **निर्देशानुसार काल परिवर्तन करके वाक्य फिर से लिखिए ।** **2×1= 2**

(क) माला मिठाई खाएगी । (वर्तमान काल)

(ख) अनीता मैसूर गई थी । (भविष्यत् काल)

प्रश्न 11 **दिए गए शब्दों के विलोम शब्द लिखिए।** **4×½=2**

(क) बीमार (ख) आज़ादी (ग) सज्जन (घ) आयात

प्रश्न 12 **नीचे लिखे शब्दों की वर्तनी सही करके लिखिए।**

(क) क्षुतलेख (ख) भुधिमान (ग) अनीवारय (घ) छंद्रउदय **4×½=2**

प्रश्न 13 **नीचे लिखे अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए।** **2**

(क) मेरे को कुछ नहीं चाहिए ।

(ख) तुम्हारे को क्या चाहिए ?

प्रश्न 14 **नीचे लिखे शब्दों के वर्ण विच्छेद करके लिखिए।** **3**

(क) कारखाना (ख) टमाटर (ग) मछली

प्रश्न 15 **नीचे लिखे वाक्यों में उचित विशेषण शब्द भरिए।**

(क) आज कक्षा में —————— विद्यार्थी अनुपस्थित हैं। **2**

(ख) —————— सैनिक देश की रक्षा करते हैं।

खण्ड (ग) रचना

प्रश्न 16 **मित्र को अच्छे अंक मिलने पर बधाई पत्र लिखिए।** **5**

या

चार दिन की छुट्टी माँगते हुए अपने कक्षाध्यापक को पत्र लिखिए।

प्रश्न 17 **दिए गए चित्र का वर्णन 20-25 शब्दों में कीजिए।** **3**



प्रश्न 18 **नीचे लिखे गदयांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।** **5**

क्रोध मनुष्य की एक साधारण प्रवृत्ति है और हम सभी में यह मौजूद रहती है। सीमा के बाहर क्रोध एक दुर्गुण का रूप ले लेता है।क्रोध की अवस्था में मनुष्य का रक्तचाप ही नहीं बढ़ जाता बल्कि व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक विकास को भी क्रोध प्रभावित करता है।अत: क्रोध पर नियंत्रण बहुत आवश्यक है।क्रोध पर विजय पाना बहुत कठिन नहीं है।इसके लिए धैर्य एवं अनुशासन की ज़रूरत होती है।सकारण और न्यायपूर्ण क्रोध से अनेक नए विचार पैदा होते हैं। प्रयास करने से क्रोध को एक रचनात्मक दिशा दी जा सकती है।इसके लिए चाहिए कि क्रोध से उत्पन्न ऊर्जा को सार्थक कार्यों में लगाया जाए।

(क) क्रोध पर विजय पाने के लिए किसकी ज़रूरत होती है ?
(ख) क्रोध किसकी एक साधारण प्रवृत्ति है?
(ग) रक्तचाप कब बढ़ जाता है ?
(घ) क्रोध किसे प्रभावित करता है ?
(ङ) न्याय और क्रोध - शब्दों के विलोम शब्द लिखिए।

प्रश्न 19 **किसी एक विषय पर लगभग 100-120 शब्दों में निबंध लिखिए।** **10**

1 पुस्तकालय **2** समय का महत्त्व **3** मेहनत का फल

****